ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.11.2020

- स्वच्छता सेवा एवं समाधान के उददेश्य के साथ नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आज मो0 तारीन बहादुरगंज, मो0 कटिया टोला, मो0 यूनूसखेल, मो0 अहमदपुर रेती एवं मो0 आदर्शनगर कालोनी में चलाया गया वाक–टाक एण्ड रिजाल्व कार्यक्रम।

1– जन समस्याओ को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने तथा नगर निगम की सेवाओ को जनता के घर पर उपलब्ध कराने के उददे्श्य नगर निगम द्वारा वॉक–टॉक एवं रिजाल्व का अभिनव कार्यक्रम दशहरा के दिन से शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार को प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक चलाया जा रहा है, जिसका नेतृत्व सम्बन्धित जोनल अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम नगर निगम के समस्त विभागो से सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित समस्याओ का तत्काल समाधान कर रहे है। आज दिनांक 09.11.2020 को इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मो0 तारीन बहादुर, कटिया टोला जोन–1 में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, जोनल अधिकारी/ उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक श्री अश्वनी अवस्थी, सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री पवन कुमार सफाई नायक रमेश, प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित थी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा पूरे मोहल्ले में भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस अवसर पर प्रतिबन्धित पालीथीन का उपयोग न करने की अपील की गई तथा तारीन बहादुरगंज में सार्वजनिक मार्ग पर किये गये अस्थाई अतिक्रमणो को तत्काल हटवाया गया एवं स्थाई रूप से किये गये अतिक्रमण को चिन्हित करते हुये एक सप्ताह की नोटिस जारी की गई। एक सप्ताह के अन्दर स्वंय अतिक्रमण को न हटाये जाने की दशा मे नगर निगम द्वारा जुर्माना वसूलते हुये अतिक्रमण हटवाया जायेगा। स्थानीय नागरिको ने इस अभियान की प्रशंसा की एवं इसे नगर वासियो के हित में अच्छी पहल बताया गया। मौके पर गृहकर–जलकर के मद में रू0 30482/– की धनराशि वसूली गई। जोन–2 मो0 युनूसखेल में जोनल अधिकारी श्रीमती रश्मि भारती, श्री पी0के0सिंह सहायक अभियन्ता (जल) श्री राजमंगल सिंह, सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक, श्री सुनील कुमार, राजस्व निरीक्षक, श्री अनवार प्रकाश अधीक्षक श्री रमाकान्त दीक्षित,लिपिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जोन–2 गृहकर–जलकर के मद में रू0 8717/– की धनराशि वसूली गई। मौके पर जलकल एवं प्रकाश की 04 शिकायतो का निस्तारण करा दिया गया। स्थानीय नागरिको ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं इसे नगर वासियो के हित में अच्छी पहल बताया गया। जोन–3 मो0 आदर्श नगर कालोनी में राजस्व निरीक्षक श्री तुषार त्रिवेदी, सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर, उपस्थित रहे। जोन–3 गृहकर–जलकर के मद में रू0 4092/– की धनराशि वसूली गई। जोन–4– मो0 अहमदपुर में श्री अवर अभियन्ता, श्री सूरज प्रजापति सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री सुनील शाक्य, कर संग्रहकर्ता श्री आसिम, श्री गोविन्द एवं मो0दीन सफाई नायक इस्तेखार हुसैन उपस्थित रहे। जोन–4 गृहकर–जलकर के मद में रू0 24868/– की धनराशि वसूली गई। गृहकर–जलकर चारो जोनो में कुल रू0 68159.00 धनराशि की वसूली की गई।

नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर सफाई के सम्बन्ध में 03 प्रकरणो का निस्तारण कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया एवं नगर वासियो से अपील की गई कि निर्धारित तिथि पर नगर निगम की टीम के पहुॅचने पर मोहल्ले से सम्बन्धित समस्याओ का संज्ञान करावे, जिससे उनका तत्काल निस्तारण कराये जा सके। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि जो समस्या तत्काल निस्तारित की जा सकती है,उसे अनिवार्य रूप से उसी दिन निस्तारित करायी जाये तथा मॉग से सम्बन्धित बिन्दुओ को संकलित कर अग्रतेर कार्यवाही हेतु अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इसे सफल बनाये जाने के लिये नगर वासियो से अपील की गई।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर